


## एक नजर में

### भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी 27 अप्रैल को



**शुजालपुर,** सप्त ऋषि ब्राह्मण समाज की बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई। अध्यक्ष जनकराय जोशी ने बताया कि आगामी परशुराम जयंती 27 अप्रैल 2026 को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को महिला मंडल द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 27 अप्रैल को समाज का भव्य चल समारोह चौबे स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन : चौबे स्कूल पहुंचेगा, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी, बैठक में सचिव गंगाधर शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल चौबे, कैलाश शर्मा, हेमंत शर्मा, मिश्रीलाल शर्मा, आशीष हरदेनिया, संजय उपाध्याय, अर्पित शर्मा, विनय शर्मा, वैभव तिवारी, मधु मंडलोई, आशा शर्मा, क्षमा शर्मा, हेमलता जोशी, मधु नागर, सविता शर्मा, प्रीति मिश्रा, कृष्णा शास्त्री, अनीता शर्मा, अशोक शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### 41 वर्षों की सेवा के बाद देवचंद गोसर सेवानिवृत्त



**शुजालपुर।** महाविद्यालय में पदस्थ कार्यालय स्टाफ कर्मचारी देवचंद गोसर 41 वर्षों की दीर्घ, अनुशासित एवं समर्पित सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय की वर्चुअल कक्ष में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने उनके कार्यकाल को स्मरण करते हुए सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में देवचंद गोसर का तिलक, पुष्पमाला एवं हार पहनाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ। आर के शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवचंद गोसर ने सदैव कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, उनकी सेवाएं महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ। बीके त्यागी, डॉ। एमवाय अंसारी, डॉ। प्रवीणा धारीवाल सहित समस्त स्टाफ एवं गोसर के परिजन उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में देवचंद गोसर ने सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए सहयोगी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में उन्हें अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ। आनंद कुमार अजनोदिया ने आभार प्रदर्शन आशीष यादव ने किया।

### सिंचाई विभाग के आमीन देशमुख सेवानिवृत्त

**शुजालपुर।** सिंचाई विभाग में आमीन के पद पर कार्यरत दिलीप देशमुख की सेवानिवृत्ति पर स्थानीय कान्हा के वृंदावन गार्डन में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एसडीओ कमठान ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक नायक उपस्थित रहे। समारोह में देशमुख को साफा पहनाकर श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# सुंदरकांड की चौपाइयों से होगा होलिका उत्सव शुरू

## मातृशक्ति आज करेंगी होलिका का पूजन, रात 10 बजे विधि-विधान से होगा दहन

**शाजापुर। नगर में पांच दिनी होली पर्व इस वर्ष भी धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत सुंदरकांड की चौपाइयों से होगा। इसके पूर्व आजाद चौक में होलिका सजाई जाएगी। जिसका नगर की प्रशासनिक, सामाजिक, धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय मातृशक्तियों द्वारा होलिका का पूजन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 10 बजे होलिका का दहन किया जाएगा। इसके बाद चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा 8 मार्च तक नगर में प्रतिदिन सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।**





सर्व हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी सुमित भावसार ने बताया कि आजाद चौक में होलिका सजाई जाएगी। जहां सोमवार शाम सात बजे कलेक्टर ऋजु बाफना, रेखा अरूण भीमावद, श्रद्धा नागर, एसडीएम मनीषा वास्कले, सीएम राईज विद्यालय प्राचार्य सविता सोनी, एमएलबी प्राचार्य पूनम त्रिवेदी सहित नगर की अन्य मातृशक्तियां आजाद चौक में होलिका का पूजन करेंगी। इसके बाद रात 8 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसमें सभी समाजों के प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### प्रतिदिन सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होंगे

रात 10 बजे सर्व हिन्दू उत्सव समिति, होली उत्सव समिति के पदाधिकारियों के साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधि विधान से होलिका का दहन किया जाएगा। इसके बाद होली उत्सव समिति द्वारा सात दिनों तक नगर में रंगारंग पर्व के साथ-साथ सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों से भी नगरवासियों के साथ होली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, होली उत्सव समिति संयोजक पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, सचिव अंकित अंबावतिया व सह संयोजक जीत पारछे ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है

### सात दिनों तक जारी रहेगा उल्लास व उमंग की परंपरा

मीडिया प्रभारी सुमित भावसार ने बताया कि होली पर्व में प्रतिदिन दोपहर में नगरवासी रंगों से सराबोर रहेंगे। वहीं शाम को नगर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों की प्रतिभा से मंच सजेगा। जिसमें 3 मार्च को सांई म्यूजिकल ग्रुप द्वारा होली के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, 4 मार्च को इंदौर के जय श्री महाकाल आर्ट एवं डांस ग्रुप द्वारा श्री राधाकृष्ण फाग उत्सव की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन के तहत 5 मार्च को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर सहित आसपास के जिलों के प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। आयोजन की इसी कड़ी में 6 मार्च को आजाद चौक में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देवास के यंग मेलोडियंस ग्रुप के कलाकार अपनी सुमधुर आवाज से नगरवासियों का मनोरंजन करेंगे। 7 मार्च को एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान के आरआर म्यूजिकल ग्रुप के प्रसिद्ध कलाकार रोहित राजस्थानी भगवान सांवरिया सेठ के भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 8 मार्च रविवार को नगर में फाग यात्रा निकाली जाएगी, जो आजाद चौक, सोमवारिया, मगरिया, काछीवाड़ा होते हुए बस स्टैंड पहुंचेगी, जहां फाग यात्रा का समापन होगा।

# शिशु वाटिका कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति

**शाजापुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर उमावि दुपाड़ा मार्ग पर शनिवार को प्रांत की योजनानुसार शाजापुर विभाग अंतर्गत शाजापुर जिले का शिशु नगरी कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि संतोष विश्वकर्मा शिशु वाटिका सह प्रांत प्रमुख, विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, सचिव अजय पोल, शिशु वाटिका जिला संयोजक सोनिया, प्राचार्य राहुल देशमुख और प्राचार्य देवकरण शर्मा व ज्योति नगर के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा मंचासीन रहे तथा समिति सदस्य गौरव शर्मा उपस्थित रहे।**

मुख्य वक्ता संतोष विश्वकर्मा ने शिशु वाटिका की संकल्पना को सबके समक्ष विस्तार से रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षण पर जोर दिया तथा कहा कि आनंद शिशु के लिए प्रथम तत्व है। शिशुओं का लालन पालन पंच तत्वों पर आधारित होना चाहिए। इस अवसर पर जिले के 17 विद्यालयों से भैया बहिन शिशु वाटिका दीदी एवं प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।





प्रत्येक विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीयता के रंग से सराबोर नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्था की प्रदर्शनी और भैया बहिनों द्वारा हस्तनिर्मित खाद्य व्यंजनों का बाल मेला आकर्षण का केंद्र रहा। अतिथियों द्वारा बालमेले का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में 900 अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की रूपरेखा शिशु वाटिका जिला संयोजक श्रीमती सोनिया बाजार ने की। अतिथि परिचय सीबीएसई प्राचार्य राहुल देशमुख ने किया। संचालन संगीता पाटीदार ने किया एवं आभार सुमन पाटीदार ने माना।

## विज्ञान दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**सोयतकलां।** नवोदय विद्यालय में विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रेरक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न प्रकार के मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक, उप प्राचार्य डॉ। अंजना दुबे और अन्य सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाम को कक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया और विज्ञान विषय की जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया गया जिसकी सभी ने विशेष सराहना की। विज्ञान की एक रोचक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। जिसमें सभी सदन के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी विज्ञान शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा।

# पांच माह तक चला 21 सुंदरकांड पाठ



**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर में विजयादशमी पर लिया गया 21 सुंदरकांड पाठ का संकल्प भव्य आयोजन के साथ पूर्ण हुआ। पांच माह तक प्रति शनिवार एवं मंगलवार विभिन्न मंदिरों में निरंतर सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया, जो क्षेत्र के इतिहास में पहली बार हुआ। संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय के नेतृत्व में चले इस धार्मिक अभियान का समापन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा सस्वर पाठ तथा भजन संध्या में कवि हुकमसिंह गुर्जर सहित अन्य गायकों ने प्रस्तुति दी। महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने इसे धार्मिक जागरण और सामाजिक एकता का प्रेरक आयोजन बताया। इस संकल्प को सफल बनाने में अमरीशपुरी गोस्वामी, प्रवीण विश्वकर्मा, गजाधर सोनी, राजकुमार धाकड़, राधेश्याम धाकड़, मंगल सिंह मालवीय आदि का सहयोग रहा।

# शुजालपुर में 87 स्थानों पर होलिका दहन

## प्रशासन ने वाहनों से निकाला फ्लैग मार्च, बाजार में सजी दुकान

**शुजालपुर। नगर सहित अंचलों में होलिका दहन सोमवार को होगा और पूरे शहर में लगभग 87 स्थानों पर होलिका सजाई जाएगी। जहां पर पूजा अर्चना होगी व होलिका दहन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। प्रशासन द्वारा भी इस पर्व को लेकर व्यवस्था बनाई जा रही है, साथ ही इस वर्ष प्रशासन व पुलिस काफी अर्लट है।**

बताया जाता है कि नगर के मंडी क्षेत्र में 42 तथा सिटी क्षेत्र में लगभग 45 स्थानों पर सार्वजनिक उत्सव समितियों द्वारा होलीका दहन किया जाएगा। दहन के इन स्थलों पर आयोजन समितियों द्वारा आकर्षक रूप से साज सज्जा की जाती है, साथ ही दहन के पूर्व महिलाओं द्वारा विधिविधान से होलीका की पूजा-अर्चना की जाती है। मंडी क्षेत्र में विगत कई वर्षो से कंघी मोहल्ला के नागरिकों द्वारा सजाई जाने वाली होली आकर्षण का केन्द्र रहती है। यह पर होलीका व भक्त प्रहलाद की आकर्षण झांकी सजाई जाती है।



### बाजारों में सजी दुकानें

होलिका दहन के उपरांत धुलेंडी पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, रंगों के इस पर्व पर सिटी व मंडी क्षेत्र में गेर का आयोजन भी किया जाता है। गैर में शामिल होकर नागरिक गमी वाले परिवारों तक पहुंचकर रंग गुलाल लगाते हैं। होली पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रंगों व पिचकारियों की दुकानें सज गई। साथ ही रंगबिरंगे शकर के पतासे भी बिकने के लिए सज गए।

### सायरन बजाते गुजरीं पुलिस गाड़ियां

होली एवं रमजान पर्व के साथ ही अन्य पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए व शहर में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने फ्लेग मार्च निकाला, रविवार की शाम को मंडी क्षेत्र में पुलिस ने वाहनों के काफिले के साथ फ्लैग मार्च किया। इस काफिले में वर्ज वाहन भी शामिल था, इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी व बल मौजूद था। इस मार्च के दौरान शासकीय वाहन सायरेन बजाते हुए प्रमुख मार्गो से गुजरे।

# कला और विज्ञान की रचनात्मक अभिव्यक्ति बनी साइंस रंगोली

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय में किया गया आयोजन

**शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक साइंस रंगोली का प्रदर्शन किया गया। रंगोलियां पर्यावरण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा प्रमुख वैज्ञानिकों के सिद्धांतों व खोजों पर आधारित रहीं। महाविद्यालय परिसर में भूतल पर बनाई गई इन रंगोलियों ने कला और विज्ञान का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इको क्लब के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग दिया।**

प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि पारंपरिक रंगोली के स्थान पर साइंस रंगोली छात्रों को विज्ञान की गहन समझ विकसित करने का अवसर देती है। साइंस क्विज प्रभारी डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें अंकिता मीना ने प्रथम, शिवानी सोनी ने द्वितीय तथा दीपाली तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, उल्लेखनीय है कि यह आयोजन मध्य प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के प्रायोजन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में



प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र और प्राध्यापक।





महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मांगें नहीं मानीं तो पेंशनर्स का भोपाल में आंदोलन

**शुजालपुर। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हाल ही में राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित किया गया, सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पेंशनरों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।**

प्रदेश जनसंपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में धारा 49 (6) को प्रदेश सरकार से विलोपित किए जाने तथा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता केंद्र के समान दिए जाने की मांग पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव तक अपनी मांगें पहुंचाने का निर्णय लेते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भोपाल में उग्र आंदोलन किया जाएगा और सरकार के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी।



सम्मेलन से लौटने पर शुजालपुर तहसील इकाई ने प्रदेश जनसंपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा के निवास पर तहसील स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मान किया। तहसील सचिव जनक जोशी द्वारा मोहन बड़ोदिया के तहसील अध्यक्ष मांगीलाल अंबावतिया, पोलाय कला के तहसील अध्यक्ष गजराज सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश नारायण आर्य तथा पूर्व तहसील अध्यक्ष परमानंद बैरागी का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से पेंशनरों में स्वाभिमान की भावना सुदृढ़ होती है और समाज में उनके प्रति सम्मान का भाव बढ़ता है, उन्होंने कहा कि संगठनात्मक एकजुटता का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहेगा।

## एक नजर में

### कृषि वैज्ञानिकों और किसानों ने साफा बांधकर दिया स्मृति चिह्न

# 40 वर्षों तक सेवा देकर डॉ. अंबावतिया रिटायर्ड, दी भावभीनी विदाई

**शाजापुर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर के केंद्र प्रमुख एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया अपनी 40 वर्ष के सेवाकाल पूरा करने के पश्चात सेवानिवृत हो गए। डॉ। जीआर अम्बावतिया के सम्मान में सेवानिवृत का कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर में किया गया।**

इस दौरान किसानसंघ अध्यक्ष सवई सिंह सिसौदिया, रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर हरीसिंह ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केएस भार्गव, उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, उपसंचालक उद्यानकी मनीष चौहान, केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ। एसएस धाकड, डॉ। गायत्री वर्मा, डॉ.मुकेश सिंह, रत्नेश विश्वकर्मा, डॉ.डीके तिवारी, हितेंद्र इंदौरिया, निकितानंद, गंगाराम राठौर, हफीज खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने डॉ. अम्बावतिया के व्यक्तित्व के बारे में बताया एवं उन्हें सरल, सहज एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण बताया।





### किसानों के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा रहेगा

इस दौरान अतिथियों एवं स्टॉफ सदस्यों ने कहा कि डॉ। अंबावतिया का सरल, सहज व नम्र स्वभाव तथा किसानों के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। डॉ। अंबावतिया अपनी सेवाकाल के दौरान गेहूं अनुसंधान केंद्र पावरखेड़ा, कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल, कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ, कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ़ एवं कृषि महाविद्यालय इंदौर में भी पदस्थ रहे। इस दौरान फसल विविधिकरण, औषधि फसलें, उद्यानिकी फसलों के माध्यम से कृषकों की आय बढ़ाने में उनका विशेष योगदान रहा।